**आकाशवाणी शिमला**
**01.05.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**प्रधानमंत्री वेव्स**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड, कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां वेव्स शब्द से तात्पर्य है संस्कृति, रचनात्मकता और विश्व से जुडने की लहर। उन्हौंने कहा कि यह वैश्विक मंच है जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में सौ से अधिक देशों के कलाकार, नवोन्मेषक, निवेशक तथा नीति निर्माता एक मंच पर साथ आये हैं। वेव्स बाजार पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नवोन्मेषकों और रचनाकारों को प्रोत्साहित करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में भारत की रचनात्मक ताकत वैश्विक मंच पर उजागर होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर प्रयासरत है और उसके पास विश्व का तीसरा सबसे बडा स्टार्टअप सिस्टम है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के चमियाना में अटल सुपर स्पेशियलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान ने आंतरिक रोगी विभाग का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अस्पताल में निर्माण कार्यों के लिए 23 करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं और यहां अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में एम.आर.आई. की अत्याधुनिक मशीन भी लगाई जा रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है और इस बार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 2 सौ करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक भी की और जरूरी दिशा–निर्देश दिए। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

**श्रमिक दिवस**

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रमिक दिवस पर किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये दिन मजदूरों को संगठित कर आपसी एकता मजबूत करने और श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार श्रमिकों व मजदूरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और मजदरों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिला के कोटखाई उपमण्डल की महासू पंचायत के शवाला गांव के लिए नवनिर्मित सम्पर्क मार्ग का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सम्पर्क सड़क से स्थानीय लोगों की लगभग दो दशक से लम्बित मांग पूरी हुई है।